## हाईकोर्ट का निर्देश, अमचूर को हेरोइन बताने के मामले में 10 लाख रु क्षतिपूर्ति का आदेश

# प्रदेश की सभी रीजनल फारेंसिक साइंस लेबोरेटरीज में उपकरण और स्टाफ की उपलब्धता हो

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने 16 वर्ष पूर्व अमचूर को हेरोइन बताने के मामले में 10 लाख रु हर्जाने का आदेश सुनाया। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने साफ किया कि यदि राज्य की प्रयोगशालाओं के पास जांच के जरूरी उपकरण ही नहीं हैं तो बड़े ढांचे और विशेषज्ञ अधिकारियों की तैनाती का क्या औचित्य है।संसाधनों की कमी के कारण एक निर्दोष व्यक्ति को 57 दिन जेल में रहना पड़ा, जो उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि एक महीने के भीतर प्रदेश की सभी रीजनल फारेंसिक साइंस लेबोरेटरीज का निरीक्षण कर जरूरी उपकरण और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।मामला ग्वालियर निवासी इंजीनियर से संबंधित है, जिसे 2010 में भोपाल एयरपोर्ट की मशीन की गलती के कारण 57 दिन की जेल काटनी पड़ी थी। दरअसल, दिल्ली के लिए फ्लाइट पकड़ने भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे इंजीनियर अजय सिंह को सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया था। उनके बैग में रखे अमचूर पाउडर को एयरपोर्ट की एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर मशीन ने हेरोइन और अन्य ड्रग्स बताकर अलार्म दे दिया। इसके बाद अजय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। 57 दिन बाद फारेंसिक जांच में सामने आया कि बैग में रखा पाउडर अमचूर मसाला था।



### जनहित याचिका में आरोप, राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस

## ओवर ब्रिज गिरने के बाद शहपुरा में मार्ग डायवर्ट करने से हो रही परेशानी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर नेशनल हाईवे-45 में ओवरब्रिज गिरने के बाद शहपुरा की संकरी गलियों से मार्ग को डायवर्ट से हाने वाली परेशानी को उठाया गया है। बुधवार को जस्टिस डीडी बंसल एवं जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने लोक निर्माण विभाग के सचिव, डीआरएम जबलपुर, एनएचएआई के रीजनल ऑफीसर, कलेक्टर जबलपुर, एमपीआरडीसी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर के शहपुरा में रहने वाले राजेश सिंह राजपूत की ओर से अधिवक्ता आदित्य सिंह राजपूत ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि शहपुरा कस्बे के निवासियों और राष्ट्रीय राजमार्ग-45 (जबलपुर-भोपाल खंड) के हजारों दैनिक उपयोगकर्ता हर दिन कठिनाई झेल रहे हैं। शाहपुरा के पास वर्ष 2023 में निर्मित रेलवे ओवरब्रिज के ढह जाने के कारण ऐसा हुआ है। उक्त ओवरब्रिज अगस्त/सितंबर 2025 में आंशिक रूप से ढह गया था और 23 फरवरी 2026 को पूरी तरह से गिर गया। अधिकारियों ने भारी फोर-लेन राजमार्ग यातायात को शहपुरा कस्बे की संकरी, जर्जर आंतरिक सड़कों से होकर कृषि मंडी से मोड़ दिया है। इस कारण प्रतिदिन 4 से 8 घंटे तक चलने वाला भीषण यातायात जाम हो जाता है। दलील दी गई कि इसकी जगह पौड़ी रेलवे गेट से गुजरने वाले उपलब्ध व अच्छी स्थिति वाले वैकल्पिक मार्ग को खोलना था। एसडीओ और कलेक्टर द्वारा अनुरोध करने के बावजूद रेलवे अधिकारियों ने पौड़ी रेलवे गेट खोलने से इनकार कर दिया है। वहीं, शहपुरा टोल प्लाजा पर पूरा टोल वसूला जा रहा है।

*हाईकोर्ट का अहम फैसला, राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश - किसी भी मंदिर पर प्रबंधन योजना लागू करने से पहले यह तय किया जाए कि वह मंदिर सार्वजनिक है या निजी*

# निजी मंदिर के प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं कर सकती सरकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में स्पष्ट किया कि सरकार किसी निजी मंदिर के प्रबंधन में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अदालत ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि किसी भी मंदिर पर प्रबंधन योजना लागू करने से पहले यह तय किया जाए कि वह मंदिर सार्वजनिक है या निजी। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने यह आदेश सिवनी जिले के डूंडा सिवनी गांव स्थित एक शिव मंदिर के सर्वराहकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि निजी मंदिरों में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। निजी मंदिर से जुड़ी भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में कलेक्टर या पुजारी का नाम प्रबंधक या ट्रस्टी के रूप में दर्ज किए जाने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी संपत्ति देवता के नाम पर दर्ज होनी चाहिए।यह भी कहा कि यदि किसी निजी मंदिर या उससे जुड़ी संपत्ति का दुरुपयोग होता है तो मंदिर या देवता में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति, चाहे वह श्रद्धालु हो या नहीं, देवता की ओर से नेक्स्ट फ्रेंड के रूप में मुकदमा दायर कर सकता है। याचिकाकर्ता सुमरन की ओर से लोक न्यास रजिस्ट्रार द्वारा मंदिर के प्रबंधन के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। कहा गया कि पिछले चार पीढ़ियों से उनका परिवार मंदिर की देखरेख कर रहा है। मंदिर का निर्माण वर्ष 1913 में स्वर्गीय भवानी पटेल ने कराया था और उसके रखरखाव व पुजारी के खर्च के लिए लगभग 14 एकड़ भूमि छोड़ी गई। बाद में 1962-63 में सर्वराहकार के रूप में सुमरन का नाम अधिकार अभिलेख में दर्ज किया गया। हालांकि, गांव के कुछ लोगों की शिकायत के बाद लोक न्यास रजिस्ट्रार ने मंदिर प्रबंधन के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की।
याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि समिति में शामिल दो सदस्य सरकारी कर्मचारी हैं, जो धार्मिक गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते। साथ ही बिना यह जांच किए कि मंदिर निजी है या सार्वजनिक, सरकार ने अपनी प्रबंधन योजना थोपने का प्रयास किया।
राज्य की ओर से कहा गया कि जांच में मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना पाया गया और उसे मरम्मत की आवश्यकता है।कोर्ट ने कहा कि मंदिर से जुड़ी भूमि देवता के नाम पर दर्ज होती है और कानून के अनुसार देवता को एक विधिक इकाई माना जाता है, जिसकी ओर से 'नेक्स्ट फ्रेंड' कार्य करता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले स्टेट ऑफ मध्य प्रदेश बनाम पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति का हवाला देते हुए कहा कि मंदिर में स्थापित देवता ही संपत्ति के वास्तविक स्वामी होते हैं और पुजारी केवल पूजा-अर्चना तथा संपत्ति की देखरेख के लिए होता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि कलेक्टर को सभी मंदिरों का प्रबंधक नहीं माना जा सकता, जब तक कि वह मंदिर सरकारी नियंत्रण में न हो। यदि किसी निजी मकान या निजी संपत्ति में देवता स्थापित हैं तो उस मंदिर की देखभाल करने वाले व्यक्ति को प्रबंधन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप सभी जिला कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही सभी कलेक्टरों को विवाद की स्थिति में मंदिर की प्रकृति सार्वजनिक या निजी की विधिसम्मत जांच करने को कहा गया। संबंधित प्राधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए विवाद की जांच कर तीन महीने के अंदर सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित मंदिर निजी है या नहीं।

# अवैध जल कनेक्शन लेने पर निगमायुक्त की सख्त कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम ने मदन महल क्षेत्र में मुख्य पाइप लाइन से अवैध जल कनेक्शन लेकर शुद्ध पेयजल का दुरुपयोग करने के मामले में सख्त कार्रवाई की है। जल विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान गेट नंबर-4 से स्नेह नगर जाने वाले मार्ग पर स्थित साईं बाबा मंदिर के पास एक नवनिर्मित व्यावसायिक भवन में अवैध कनेक्शन पकड़ा।



जांच में सामने आया कि भवन मालिक राहुल वाधवानी, मुकेश पाण्डेय और अनुपम गुप्ता द्वारा मुख्य जल वितरण पाइप लाइन से सीधे कनेक्शन लेकर भवन निर्माण कार्य में शुद्ध पेयजल का उपयोग किया जा रहा था। निरीक्षण टीम ने पाया कि अवैध कनेक्शन खुले छोड़े गए थे, जिससे पानी बहकर नाली के दूषित जल के संपर्क में आ रहा था और मुख्य लाइन के पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो गया था। मामले को गंभीर मानते हुए नगर निगम के जल विभाग ने मदन महल थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। अधिकारियों ने कहा कि शुद्ध पेयजल की बर्बादी और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## *सिविल लाईन टीआई लाईन अटैच*

**जबलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से देर रात कई थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत सिविल लाइन थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया गया है, जबकि पुलिस लाइन से निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल को सिविल लाइन थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं निरीक्षक अनिल पटेल को विजय नगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला टीआई सरोजिनी टोप्पो को चरगवां थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि चरगवां के वर्तमान प्रभारी अभिषेक प्यासी को बरगी नगर चौकी भेजा गया है। वहीं बरगी नगर चौकी में पदस्थ सरिता पटेल को अब उखरी चौकी प्रभारी की कमान सौंपी गई है। अचानक हुए इस बदलाव की महकमे में खासी चर्चा हो रही है।

बिल्डर के घर की थी वारदात, आरोपी में एक नाबालिग भी शामिल

## बमबाजी करने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत न्यू शोभापुर में बिल्डर के घर पर बम फेंककर दहशत फैलाने और कार में तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें एक नबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला और उन्हें उस स्थान पर भी लेकर गई, जहां उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था।



रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि 11 मई को न्यू शोभापुर भानपुरा निवासी अक्षय सिंह के घर पर रात में तीन अज्ञात बदमाशों ने बम पटके और उनकी बलेनो कार में पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। इस मामलें में पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। संदेहियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आयुष शर्मा उर्फ आयुष पंडा उम्र 18 वर्ष कंचनपुर निवासी, किशन तिवारी उम्र 20 वर्ष, निवासी संजय नगर पानी की टंकी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में एक 16 वर्षीय नाबालिग का नाम भी सामने आया, जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में तीनों ने मोहल्ले में दहशत फैलाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि नाबालिग के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## *अचानक ब्रेक लगाने पर ट्रकों की भिड़त में चालक की मौत*

**जबलपुर।** तिलवारा थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग 2 बजे नागपुर जबलपु रोड स्थित एक होटल के समीप आगे चल रहे एक ट्रक के चालक द्वारा अचानक वाहन धीमा करने लगाये गये ब्रेक के कारण पीछे चल रहा रहा तेज रफ्तार ट्रक उस ट्रक से टकरा गया। घटना में ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसे ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया था जहां डाक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। तिलवारा पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि केन्ट गुना निवासी मोहम्मद परवेज का चचेरा भाई एजाजुल खान टाटा अल्ट्रा लोडिंग ट्रक में सरिया लोड कर गुना जा रहा था। ट्रक को इजाजुल खान चला रहा था दोपहर लगभग 2 बजे नागपुर जबलपुर रोड होटल आरबीट के समीप ट्रक के आगे चल रहे अशोक लीलेण्ड ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीसी 7335 के चालक ने ट्रक की गति धीमी करने अचानक लापरवाही पूर्वक ब्रेक लगा दिया जिसके कारण पीछे चल रहा ट्रक से टकरा गया घटना में इजाजुल खान गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उसका चचेरा भाई मोहम्मद परवेज ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले गया था जहां डाक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

## धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (डीएनएलयू) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कार्यरत आउटसोर्सिंग सुपरवाइजर द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने बिना विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने राज्य शासन एवं डीएनएलयू को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी आशीष पाठक की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 4 नवंबर 2025 को अनुशासन समिति ने याचिकाकर्ता को ई-मेल भेजकर कहा — "हम आपको कारण बताओ नोटिस जारी नहीं करेंगे , बस शिकायतों का वर्जन भेज दीजिए और चीजों को जटिल मत बनाइए।" दलील दी गई कि जिस विश्वविद्यालय में देश के भविष्य के वकीलों को "प्राकृतिक न्याय" और "सुनवाई का अधिकार" पढ़ाया जाता है, वहीं सुनवाई के पहले फैसला क्यों सुनाया जा रहा है। याचिका में विश्वविद्यालय के अपने ही अधिनियम और नियमों का हवाला देकर कहा गया है कि अनुशासन समिति का गठन और कार्रवाई नियमों के विपरीत है।

हड़ताल : ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध, रैली निकाली ज्ञापन सौंपा

# जिले की 2 हजार दवा दुकानों पर पड़े रहे ताले

**जबलपुर।** ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी के विरोध में 'ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स' के देशव्यापी हड़ताल के आह्वान के तहत बुधवार 20 मई को देश और प्रदेश के साथ ही जबलपुर में भी लगभग दो हजार से अधिक दवा दुकानों पर ताले पडे रहे। व्यापारी अपने मेडिकल स्टोर बंद रखकर सुबह लगभग 10 बजे सिविक सेंटर में एक हुए और यहां से उन्होंने नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली। विभिन्न मार्गो से होकर यह रैली कलेक्ट्रट पहुंची जहां ऑनलाईन दवा कारोबार पर तत्काल विराम लगाने की मांग की गई।



सभी दवा दुकाने बंद रहने से आम जरूरतमंद मरीजों को दिक्कत का सामना करना पडा। हालांकि बंद से कुछ जरूरी दवा केंद्रों को पूरी तरह मुक्त रखा गया है। इस दौरान शहर के सभी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, अमृत फार्मेसी, सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और प्राइवेट अस्पतालों के अंदर चलने वाले मेडिकल स्टोर्स खुले रहे। मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी इस हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है और सरकार को इसे रोकना चाहिए। केमिस्ट संगठनों का आरोप है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना उचित जांच के दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे गलत दवा सेवन और दुरुपयोग की आशंका बढ़ रही है। उनका कहना है कि ऑफलाइन मेडिकल स्टोर में दवा देने से पहले पूरी जांच की जाती है जबकि आन लाइन दवा कारोबार में किसी तरह की जांच का प्रावधान नहीं है जिससे यह आम लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं । इसलिए इस पर तत्काल रोक लगाया जाना चाहिए। केमिस्ट संगठनों के मुताबिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना जांच और पुराने प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे गलत दवा सेवन का खतरा बढ़ रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी ने सातवीं बार वापस ली जमानत की अर्जी

**जबलपुर।** दुष्कर्म करने के आरोपी विवेक पटेल ने सातवीं बार हाईकोर्ट से जमानत अर्जी वापस ली है। जस्टिस देव नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकरण का एक माह के भीतर निराकरण करे। जबलपुर निवासी विवेक पटेल और रामू पटेल पर आरोप हैं कि उसने 22 फरवरी 2020 को ग्राम जमुनिया में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि इस घटना के बाद आरोपी पक्ष द्वारा लगातार धमकियां दी गईं, जिसमें बयान पलटने के लिए पांच लाख रुपये देने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात भी कही गई। इसके कुछ दिन बाद रामू पटेल द्वारा पीड़िता के अश्लील वीडियो और फोटो भेजकर मानसिक उत्पीड़न किया गया। पुलिस थाने में रिपोर्ट के बाद पीड़िता ने कथन भी दर्ज किए गए। आवेदक की ओर से सातवीं बार हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया गया।

### आमंत्रण सूची से बाहर बताए जा रहे चेहरों की मौजूदगी बनी चर्चा का विषय, लग्जरी व्यवस्थाओं पर भी कार्यकर्ताओं में नाराजगी

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में 'विशेष मेहमानों' की एंट्री!

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी के हाल ही में आयोजित संगठनात्मक प्रशिक्षण वर्ग में इस बार वैचारिक मंथन से अधिक व्यवस्थाओं और कुछ विवादित मौजूदगियों की चर्चा होती रही। पार्टी की सादगी, अनुशासन और तय प्रोटोकॉल के बीच वर्ग में कथित रूप से कुछ ऐसे कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए, जिन्हें आधिकारिक आमंत्रण सूची में शामिल नहीं बताया जा रहा है।

### आपत्ति के बाद भी नहीं सुनवाई

सूत्रों के अनुसार प्रशिक्षण वर्ग में केवल चयनित पदाधिकारियों, मंडल प्रभारियों और अधिकृत कार्यकर्ताओं को ही आमंत्रित किया गया था। इसके बावजूद भाजपा नेता सोनू बचवानी सहित कुछ अन्य चेहरे पूरे समय कार्यक्रम स्थल के भीतर सक्रिय दिखाई दिए। संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि इन लोगों की उपस्थिति को लेकर कई कार्यकर्ताओं ने आपत्ति भी जताई, लेकिन किसी जिम्मेदार पदाधिकारी ने इस पर खुलकर प्रतिक्रिया नहीं दी।

### नियम सबके लिए समान क्यों नहीं?

प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच सबसे अधिक चर्चा इसी बात को लेकर रही कि जब प्रवेश केवल आमंत्रित लोगों तक सीमित था, तब कुछ व्यक्तियों को विशेष अनुमति किस आधार पर दी गई। भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के करीबी माने जाने वाले कुछ कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को लेकर दबी जुबान में सवाल उठते रहे। कई कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी चयनात्मक व्यवस्था दिखाई देगी, तो इससे सामान्य कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जाएगा।



### सादगी की जगह दिखी लक्ज़री व्यवस्था

भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग हमेशा साधारण और अनुशासित व्यवस्थाओं के लिए पहचाने जाते रहे हैं, लेकिन इस बार कार्यक्रम में दिखाई गई विशेष व्यवस्थाओं और सुविधाओं ने भी चर्चा को जन्म दिया। अंदरखाने कई कार्यकर्ताओं ने माना कि संगठन की मूल कार्यशैली सादगी आधारित रही है, ऐसे में अत्यधिक सुविधाओं और विशेष प्रबंधों ने पुराने कार्यकर्ताओं को असहज किया। हालांकि किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी ने इस विषय पर आधिकारिक बयान नहीं दिया, लेकिन पूरे कार्यक्रम के दौरान यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बना रहा।

### संगठनात्मक पारदर्शिता पर उठे सवाल

राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि पार्टी के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में आमंत्रण प्रक्रिया और अनुशासन के नियमों का पालन आखिर किस स्तर तक किया गया। संगठन के भीतर यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि पार्टी के आंतरिक कार्यक्रमों में ही प्रोटोकॉल को लेकर असमंजस की स्थिति बनेगी, तो जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच क्या संदेश जाएगा।

### नशे पर पुलिस का प्रहार

## नशीले इंजैक्शन और गांजा के साथ दो पकड़ाए

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने नशीले इंजेक्शन एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा के कारोबार मे लिप्त दो आरोपी भाईयों को गिरफ्तार कर 125 नशीले इंजैक्शन एवं 430 ग्राम गांजा तथा बिक्री के नगद 18 हजार रूपये जप्त किये गये है।



हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत दिवस राज राजेश्वरी माता मंदिर के आगे रोड पर साहू मोहल्ला प्रेमसागर निवासी 23 वर्षीय साहिल सोनकर और साहू मोहल्ला प्रेमसागर निवासी 21 वर्षीय सावन सोनकर को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर साहिल के पास से बुप्रेनॉर्फीन इंजैक्शन आई पी 0-3 रेक्सो जेसिक के 16 पैकेट तथा प्लैजैसिक बुप्रेनॉर्फीन के 4 पैकेट प्रत्येक पैकट में पांच पांच इजेक्शन, इस प्रकार 2 एमएल के 100 एम्पुल, प्रत्येक इजेक्शन में 3 एमजी बुप्रेनॉर्फीन ड्रग है तथा दूसरी पन्नी मे एविल 10 एमएल फेनारेमाईन मैलिएटइंजेक्शन 25 नग कीमती 5 हजार 96 रुपए के तथा तीसरी पन्नी में इजेक्शन मादक पदार्थ विक्री के फुटकर नोटो की नौ गड्डी मे 18 हजार रुपये रखे हुए मिले। साहिल सोनकर ने पूछताछ करने पर बताया कि शीतलामाई के सिद्धार्थ शर्मा के पास से इंजेक्शन खरीद कर लाता है तथा नशा करने वालो को एक सेट पालजेसिक रेक्सजेसिक में से एक तथा एक एविल का सेट बनाकर तीन सौ रुपये का विक्रय करता है।

इसी प्रकार आरोपी सावन सोनकर के पास से 20 पन्नी के पैकेट में रखा 430 ग्राम मादक पदार्थ गांजा तथा एक बटनदार चायना चाकू जब्त किया हैं। पूछताछ करने पर सावन ने ब्योहार बाग निवासी अपने जीजा ऋषि सोनकर से खरीद कर लाना तथा एक पुडिया तीन सौ रुपये मे ग्राहको को बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20, 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग कन्टोल अधिनियम, 18 (ब) औषधि प्रसाधन एक्ट 123, 3/5 बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ।

# नीट पेपर लीक के विरोध में युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

## रेलवे ट्रैक पर उतरकर रोकी इंटरसिटी ट्रेन, लगे नारे "प्रधानमंत्री वीक है, तभी तो पेपर लीक है"

**जबलपुर।** देशभर में चर्चित नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों और युवाओं में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जबलपुर में युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जबलपुर-आधारताल रेलवे ट्रैक पर उतर गए और भोपाल जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। "प्रधानमंत्री वीक है, तभी तो पेपर लीक है" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही आरपीएफ और आधारताल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को ट्रैक से हटाया और कुछ देर तक रुकी ट्रेन को पुनः रवाना कराया। इसके बाद रेलवे यातायात बाधित करने के मामले में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।

### प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन

यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और स्थानीय पदाधिकारी इसमें शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है।



### 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत पर पानी फेर दिया

यश घनघोरिया ने कहा कि इस वर्ष आयोजित नीट परीक्षा में लगभग 22 लाख 80 हजार छात्रों ने भाग लिया। इनमें से अधिकांश छात्रों ने डॉक्टर बनने के सपने के साथ दिन-रात मेहनत की थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों ने छात्रों की वर्षों की तैयारी और मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा देश के लाखों छात्रों ने अपने भविष्य के लिए कठिन परिश्रम किया, लेकिन परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार और सरकार की लापरवाही ने उनके सपनों को झटका दिया है। सरकार को छात्रों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है।

### छात्रों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा की मांग

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर बैठकर किया विरोध

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता रेलवे ट्रैक पर बैठ गए, जिससे भोपाल की ओर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन कुछ समय तक रुकी रही। ट्रेन में बैठे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस और आरपीएफ ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को हटाया और रेल यातायात सुचारु कराया।मौके पर आरपीएफ टीआई राजीव खरब सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए प्रदर्शन समाप्त कराया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले, सागर शुक्ला, मोंटी वंशकार, राजा रैकवार, अभ्युत बाजपेयी, मोनू जायसवाल, ऋतिक रजक, ललित सोनी, ओवेस अंसारी, अंकुर गुप्ता, शिशांत सिंह ठाकुर, नितिन सिंह, संदीप शर्मा, भानु यादव, शिवम यादव, सुदीप अग्रहरी, यावर चौधरी, आजम खान, आमिर पहलवान, मोंटी वंशकार, संजय अहिरवार, शिवम हल्कदार, समीर गढ़वाल, नीलेश जैन नीटू, अदनान अंसारी, वरुण यादव, आयुष लाला, नयन रजक, नितिन सिंह, अभिषेक तिवारी, शादाब मंसूरी, राहुल तिवारी, सौरभ अहिरवार, मोहित ठाकुर. प्रहलाद गोस्वामी, अक्षय विनोदिया, प्रवीण चौधरी, राजेश केसरवानी, अदील अहमद, नयन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

रेलवे ट्रैक पर उतरकर ट्रेन रोकने को गंभीर मामला मानते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार रेलवे संचालन में बाधा डालना दंडनीय अपराध है और संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

### देशभर में उठ रहे सवाल

नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश में छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी है। विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। छात्रों की मांग है कि परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि उनकी मेहनत और भविष्य सुरक्षित रह सके।

---

# रेलवे में आयोजित हुआ कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती साहित्यिक समारोह






**जबलपुर।** हिन्दी साहित्य के प्रकृति प्रेमी कवि सुमित्रानंदन पंत जी की जयंती के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री दिलीप कुमार सिंह, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण में हुआ, जबकि मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम.एस. हाशमी एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय कवि श्री उमेश कुमार ओज ने पंत जी के साहित्यिक जीवन और प्रकृति प्रेम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 10 कर्मचारियों ने पंत जी की कविताओं का भावपूर्ण वाचन किया, जिससे हिन्दी साहित्य एवं प्रकृति प्रेम की प्रेरणा मिली।मुख्य अतिथि एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पंत जी का साहित्य हिंदी के संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं और अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया।

## पुलिस सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** माँ नर्मदा वेलफेयर सोसायटी एवं मेगा माइंड इवेंट द्वारा शहर में अच्छी सुरक्षा व्यवस्था, कानून के पालन की व्यवस्था, असामाजिक तत्वों से आम जनता की सुरक्षा, विपरीत परिस्थितियों और आपदाओं में हर एक जनमानस की सुरक्षा, कोई आयोजन हो या त्यौहार पुलिस विभाग सक्रियता से जिम्मेदारी निभाते शहर को शांत और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे कर्मठ पुलिस कर्मियों, अधिकारियों को माँ नर्मदा वेलफेयर सोसायटी एवं मेगा माइंड इवेंट सम्मानित करने जा रहा है। संजीवनी अस्पताल के पास रामनगर आधारताल में आयोजित पुलिस सम्मान समारोह जोश 2025-26 में सम्मान के लिए चयनित पुलिस कर्मियों को सम्मान स्वरूप गोल्ड गिफ्ट बाउचर, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर होंगे, अध्यक्षता अतुल सिंह (आईपीएस) (उप पुलिस महानिरीक्षक) करेंगे, विशिष्ट

# व्यापार वृद्धि संगोष्ठी एंव सम्मान समारोह आयोजित

## सराफा एसोसिएशन का आयोजन

**सिहोरा।** सराफा समाज विकास एवं कल्याण समिति सिहोरा-खितौला द्वारा संचालित सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में व्यापार वृद्धि संगोष्ठी एंव सम्मान समारोह का आयोजन रुकमणी पैलेस में राजा सराफा प्रदेश अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन,नवीन सराफा जबलपुर अध्यक्ष,अमित अग्रवाल मंत्री,ओम सोनी कोषाध्यक्ष, महेंद्र ओसवाल उपाध्यक्ष, के.के.सुहाने, विवेक अग्रवाल सह मंत्री के आतिथ्य में किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत सिहोरा खितौला सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील सोनी,मदन सोनी, आशीष सोनी, बसंत सोनी,अनिल सोनी शिवम भास्कर सोनी आदि ने किया। तत्पश्चात सभी ने संगठन के प्रति निष्ठा और सराफा व्यापारियों के



कल्याण की शपथ ली आयोजन में सिहोरा, खितौला, मंझगवा, मझौली सहित अन्य क्षेत्रों के उपस्थित नव नियुक्त सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ विभिन्न विभागीय समितियों की घोषणा की गई। संचालन एसोसिएशन के सचिव आशीष सोनी ने किया। संगोष्ठी' मे सराफा व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक चर्चा के साथ जी.एस.टी और हॉलमार्क के नियमों का पालन करते हुए शुद्धता व पारदर्शिता के साथ व्यवसाय का विस्तार करने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथियों ने मार्गदर्शन दिया। सराफा अध्यक्ष सुशील सोनी ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी सराफा व्यापारियों को एकजुट रहने के साथ एसोसिएशन को आदर्श संगठन बनाने का संकल्प दिलाया। सफल बनाने में संगठन के अजय सराफ,अमित सोनी, शरद सोनी, दीपांशु सोनी, शिवम सोनी, प्रियम सोनी, विक्रम जैन, आकाश सोनी, अरुण सोनी, अतुल सोनी आदि सदस्यों का योगदान रहा ।

---



## 'श्री परिसर' में फूटा जन-आक्रोश; 500 घरों की जनता ने शासन को सौंपा अंतिम चेतावनी पत्र

**जबलपुर।** अमखेरा स्थित वार्ड क्रमांक 74 (ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड) के 'श्री परिसर कॉलोनी फेस-1 एवं फेस-2' के सैकड़ों नागरिकों ने लंबे समय से चली आ रही अनदेखी के खिलाफ जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और मुख्य अभियंता विद्युत विभाग को 'अंतिम निवेदन पत्र' सौंपा। रहवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर अमल नहीं हुआ, तो 500 से अधिक घरों की जनता सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन और चक्काजाम करेगी।निवेदन में बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन की 'सुगम विद्युत सुविधा योजना 2024' के तहत कॉलोनियों में स्थाई बिजली कनेक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर देने का आदेश है, लेकिन बिजली विभाग अस्थाई बिल वसूलकर स्थाई सुविधा नहीं दे रहा। इसके अलावा कॉलोनाइजर और भूमाफियाओं पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया, जिन्होंने पक्की सड़क, नाली और बिजली के वादे कर प्लॉट बेचे और बाद में जनता को बेसहारा छोड़ दिया। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम वर्ष 2015 से संपत्ति कर और जल कर वसूल कर रहा है, लेकिन मुख्य मार्ग की सड़क जर्जर और स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात में क्षेत्र असुरक्षित है। इस स्थिति का फायदा उठाकर नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा गंभीर खतरे में है। इस निर्णायक कार्रवाई के दौरान सुनील दत्त तिवारी, राजाराम सेन, दीपक सोनी, पवन मिश्रा, मनीष सोंधिया, देवेश कोष्टा, अंजनी मिश्रा, दिनेश गुप्ता, हसन दत्त पटेल, प्रकाश दत्त, शमा परवीन, नूर मोहम्मद, संजीव सोनी, प्रतिभा ठाकुर, सावित्री सेन, सीता सोंधिया सहित भारी संख्या में मातृशक्ति, बुजुर्ग और युवा साथी उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में लड़कियों ने संभाली राइफल, निशानेबाजी में दिखाया उत्साह

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड और केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में निशानेबाजी (शूटिंग) के प्रशिक्षण ने लड़कियों का ध्यान आकर्षित किया। शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु की छह लड़कियों के साथ नौ लड़के ओपन साइट एअर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने बताया कि जबलपुर में केवल इस परिषद द्वारा ही ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शूटिंग का गहन



प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। गन फॉर ग्लोरी की स्थानीय शाखा के सहयोग से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। नगर की चार महिला शूटर – श्रेया अग्रवाल, महिमा अग्रवाल, रूबिना फ्रांसिस और गौतमी भनोत – द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 37 पदक जीतने के बाद यहां की लड़कियों में निशानेबाजी में रुचि बढ़ी है। प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक रितिक तिवारी ने बताया कि पंद्रह दिन के भीतर कुछ लड़कियों में भविष्य की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं और उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में अवसर मिलने की संभावना है। शिविर में 10 मीटर की निशानेबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय स्पर्धा माना जाता है। प्रतिदिन प्रशिक्षक निशांत बावरिया और विवेक सराठे प्रतिभागियों को गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षणार्थी लड़कियों ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वे सुव्यवस्थित प्रशिक्षण प्राप्त कर शूटिंग में अपना कैरियर बनाना चाहती हैं। उनके अनुसार व्यक्तिगत स्पर्धा में आगे बढ़ने के अधिक मौके हैं और राइफल पकड़ने से उन्हें सशक्त होने की भावना भी मिलती है।

## सुरों की शाम में गूंजेंगे सदाबहार नगमे, महाकौशल शहीद स्मारक में सजेगी मैलोडी नाइट

**जबलपुर।** शहर की सांस्कृतिक फिजाओं में एक बार फिर संगीत की मधुर सरगम घुलने जा रही है। 23 मई 2026, शनिवार को महाकौशल शहीद स्मारक ऑडिटोरियम सुरों की अनूठी महफिल का साक्षी बनेगा, जहां "मैलोडी नाइट" के रूप में एक यादगार संगीत संध्या आयोजित की जाएगी। गीता गाता चल और जस्सी संधु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में भोपाल और जबलपुर के चुनिंदा फनकार अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके निगम होंगे। गीत गाता चल के संस्थापक लक्ष्मण सिंह और आयोजक एकता आर सिंह ने बताया कि संगीत प्रेमियों के लिए यह शाम सदाबहार गीतों और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सजी होगी। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर असलम हमदुले की विशेष प्रस्तुति होगी। भोपाल से आने वाले कलाकारों में मानसी सिंह, मानव सिंह, राजेश सरीन, डोली सरीन, सुनीता गौतम और नरेन्द्र कल्याण अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से माहौल को मधुर बनाएंगे। वहीं जबलपुर के कलाकार कमलकांत उपाध्याय, रीना ज्योतिषी, डॉ. सावेरी संजनानी, योगेन्द्र प्रधान, रवि श्रीवास्तव, भक्ति भावरिया और मिनिषा झारिया अपनी गायकी से संगीत प्रेमियों का मन मोहेंगे। इस संगीत संध्या में पुराने दौर के अमर गीतों से लेकर दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियां सुनने को मिलेंगी। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा।




## ज्ञानगंगा कॉलेज में फार्मेसी स्टूडेंट्स को ABPA संगठन से जोड़ा गया

**जबलपुर।** आज ज्ञानगंगा कॉलेज में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन (ABPA) के सदस्यों ने फार्मेसी स्टूडेंट्स को संगठन की जानकारी दी और उन्हें ABPA से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर संगठन की ओर से आजाद जी, अभय उसरेठे जी, अभिषेक निगम जी, अशोक सिंह जी, इबरार अहमद जी, नीलेश विश्वकर्मा जी, अभिषेक साहू जी, धनराज मोगरे जी, लकी पटेल जी सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ज्ञानगंगा कॉलेज के शिक्षकों और स्टाफ का सहयोग भी सराहनीय रहा। संगठन ने सभी पदाधिकारियों, स्टूडेंट्स और कॉलेज स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस पहल से फार्मेसी के विद्यार्थियों को संगठन के महत्व और उसके लाभों की जानकारी मिली।

## कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित

**सिहोरा।** आगामी दलहन मूंग उड़द की खरीदी के क्रय विक्रय सहज सरल पारदर्शी बनाने के संबंध में लाइसेंस धारी व्यापारी एवं मंडी प्रशासन की बैठक बुधवार को मंडी सचिव सविता धुर्वे की उपस्थिति में मंडी में आयोजित की गई जिसमें व्यापारीयों द्वारा मंडी लाइसेंस प्रावधान एंव ई मंडी अनुसार कृषि उपज प्रवेश अनुबंध तौल एवं भुगतान सरल बनाने हेतु एवं संरचनाओं को सुद्रण रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिया। इस अवसर पर मंडी निरीक्षक खेमकुमार पनिका,नरेंद्र गर्ग,व्यापारी अरविंद चौदहा,राम प्रताप,संजय अग्रवाल,राजेश कुमार जैन,संतोष कुमार,संजय कुमार साहू उपस्थित थे।

---

**श्री हरि शंकर विश्वकर्मा–** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री हरि शंकर विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन गूजर–** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री रतन गूजर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आलोक चक्रवर्ती–** गुप्तेश्वर निवासी श्री एसपी चक्रवर्ती के पुत्र श्री आलोक चक्रवर्ती (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री समीर महात्मा–** सेठी नगर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री मुन्ना महात्मा के पुत्र श्री समीर महात्मा (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रमा गांगुली–** बोस कॉलोनी आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री अशोक कमार गांगुली की धर्मपत्नी श्रीमती रमा गांगुली (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला प्रजापति–** सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री चंद्रशेखर प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला प्रजापति (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रतीक साहू–** छोटी ओमती निवासी श्री उदय साहू के पुत्र श्री प्रतीक साहू (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन कुमार बर्मन–** मांडवा रामपुर निवासी श्री कढ़ोरी लाल




बर्मन के पुत्र श्री सचिन कुमार बर्मन (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राज ग्रानिया–** गुप्तेश्वर निवासी श्री राज ग्रानिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री हेमा देवी अधिकारी–** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री जीवन सिंह अधिकारी की पुत्री सुश्री हेमा देवी अधिकारी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेश चंद्र मेहता–** करेली नरसिंहपुर निवासी श्री महेश चंद्र मेहता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अब साइज 90/- प्रति कॉलम से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 900/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508295, 9407362110

# भीषण गर्मी में भेड़ाघाट में पर्यटक परेशान, फ्रीजर गायब

**भेड़ाघाट। भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा पंचवटी नौका विहार सीढ़ियों पर रखे गए फ्रीजर के स्टैंड के बावजूद ठंडा पानी उपलब्ध नहीं होने से पर्यटक परेशान हैं। देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों को पानी की कमी के कारण कठिनाई हो रही है।**

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि गर्मी में फ्रीजर चालू न होने के कारण पर्यटक ठंडा पानी पाने के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के अधिकारी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर परिषद के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह झरिया ने कहा कि फ्रीजर की मरम्मत का कार्य चल रहा है और ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही पर्यटकों के लिए पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।




## ब्लाक कांग्रेस सिहोरा की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** संजय यादव अध्यक्ष जिला ग्रामीण कांग्रेस के निर्देशन में बिहारी पटेल ब्लाक कांग्रेस सिहोरा अध्यक्ष के संयोजन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन शिवम लाज खितौला में किया जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्य विभाजन,मंडलम कमेटी गठन,मंडलम अध्यक्ष का पंचायत कमेटी में बैठकर बीएलए 2 का सत्यापन,गांव गांव बिक रही अवैध शराब, जुआं सट्टा एवं किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत,मंडलम,तहसील एवं जिला स्तर पर मुख्यमंत्री के पुतला दहन के संबंध में चर्चा हुई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी महेंद्र जैन,नगर प्रभारी फिरोज खान,प्रदेश सचिव राजेश चौबे, सुकीर्ति त्रिपाठी,पवन सोनी नगर अध्यक्ष,मंडलम अध्यक्ष आलोक पांडे,डॉ रमेश पटेल, जितेन्द्र श्रीवास्तव,संदीप शुक्ला, ,राजा पटेल,नवनीत शुक्ला,हिमांशु पांडे,अवसर पटेल,मंसूर मंसूरी,जितेंद्र तिवारी, राजकुमार पटेल,नीरज पाठक,डब्बू पाठक,संतोष पटेल,संदीप ब्यौहार के के दुबे,प्रदीप गौतम,युसूफ खान,आनंद मोहन दाहिया,शमशेर खान आदि उपस्थित थे।

सीजन का सर्वाधिक पारा 44.09 डिग्री दर्ज

# हीट स्ट्रोक से जनजीवन के हाल बेहाल, व्यापार ठप्प

**जबलपुर।** पारे की तेज चाल में जिंदगी की चाल धीमी पड़ गई है. सुबह 9 बजे से पारा तमतमाने लगता है. हर दिन पाई पाई पारा चढ़ रहा है. बुधवार को पारा 44.09 डिग्री पर पहुंचा, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक रहा. दोपहर में सड़के वीरान हो जाती हैं. व्यापार व्यवसाय ठप्प हो जाता है.

इस झुलसाने वाली गर्मी के कारण आम जनजीवन पूरी तरह से बेहाल हो गया है और लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में और उछाल आने और गर्मी के तेवर अधिक तीखे होने की संभावना है। आने वाले दिनों में शुष्क मौसम के कारण लोगों को तेज धूप और लू जैसी स्थिति से जूझना पड़ सकता है। मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर में मौसम शुष्क बना हुआ है। आसमान एकदम साफ है। पश्चिमी हवाएं भी वातावरण को गर्म कर रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 44.09 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 28 प्रतिशत और सायंकाल 17 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.08 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 47 डिग्री तापमान नौगांव जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।






## साहू समाज का भव्य परिचय सम्मेलन 'प्रयास' वैवाहिक पत्रिका का लोकार्पण

**जबलपुर।** जिला साहू समाज जबलपुर, श्री साहू वैश्य नगर सभा एवं 'प्रयास' पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में मानस भवन, राइट टाउन में साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आयोजन के संयोजक पूर्व महापौर प्रभात साहू रहे। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विशिष्ट अतिथि विधायक अभिलाष पांडे उपस्थित रहे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'प्रयास' वैवाहिक पत्रिका का विमोचन किया। प्रभात साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। महापौर अन्नू एवं विधायक अभिलाष पांडे ने आयोजन को समाजहित में प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम में भरतलाल साहू, राधेश्याम साहू, उदयभान साहू, भारत साहू, डॉ. निशा साहू, सुबोध साहू, डॉ. दीपक साहू, प्रदीप साहू, राजकुमार साहू 'रज्जू भैया', राहुल साहू, रजनी सुरेंद्र साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजन में जिला साहू समाज अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष इंजी. डी.के. साहू, संपादक रमेश साहू, उमेश साहू 'ओज', डॉ. पुरुषोत्तम साहू, राज साहू, रूपलाल साहू, गगन साहू, सुनील साहू, संजय साहू, ऋषि साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। संचालन उमेश साहू 'ओज', अर्जुन साहू एडवोकेट, पप्पी सहयोगी एवं प्रीति राज साहू ने किया तथा आभार डॉ. पुरुषोत्तम साहू ने व्यक्त किया।

## फर्नीचर फैक्ट्री में श्रमिकों के शोषण के विरोध में शिवसेना का ज्ञापन

**जबलपुर। आधारताल स्थित फर्नीचर एवं फर्नीचर फैक्ट्री में श्रमिकों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ शिवसेना ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार स्मृति खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन शिवसेना जिला सचिव गजानंद गुप्ता के नेतृत्व में सौंपा गया।**



ज्ञापन में बताया गया कि फैक्ट्री में लगभग 350-400 पुरुष और 100-150 महिला श्रमिक पिछले 10-15 वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन किसी का बीमा नहीं कराया गया, साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है, मातृत्व लाभ व क्रेच की सुविधा नहीं है और वेतन नगद भुगतान किया जाता है। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ श्रमिकों तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। शिवसेना ने मांग की कि फैक्ट्री मालिक के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाए और श्रमिकों को उनके अधिकार व शासन योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय मुकेश सराठे, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, धन्नू गुप्ता, रजनी यादव, रामकली (राधा), रचना कोल, शशि यादव, राजकुमारी, रीतेश पांडे, राम गोपाल यादव, अजय पटेल, अनिल कुमार केवट, दिलीप पटेल, वीरेन्द्र पटेल, भरत मेहरा सहित अनेक शिव सैनिक और फैक्ट्री के सैकड़ों श्रमिक उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश के शहरों से गुजरेगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 11.07.2026 को रीवा शहर से "05 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा" के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्रिम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर एवं एलोरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 20,250/- प्रति व्यक्ति (**SL**-इकॉनामी श्रेणी), रु. 33,250/- प्रति व्यक्ति (3**AC**- स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 44,000/- प्रति व्यक्ति (2**AC** - कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा। आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctctourism.com** पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना में जबलपुर देश में रहा तृतीय

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना में नगर निगम जबलपुर को देश में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार को अजाक्स संघ नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। बताया गया आयुक्त के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं सभी अधिकारी, कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है, जो नगर निगम जबलपुर के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है।



इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, गुलशन जबलपुरी, रामू भैया, कोयरी नायडू एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे, सभी ने आयुक्त का सम्मान पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/35
दिनांक:- 18/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री सुशील कुमार बेहरानी पिता श्री ज्ञानचंद बहरानी (2)श्रीमति कशिश बेहरानी पति श्री सुशील कुमार बेहरानी ने मकान नं. 636/1एफ 101 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 888 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/34
दिनांक:- 19/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जय माँ एसोसिएटस द्वारा पार्टनर श्री शमन कुमार आसवानी पिता स्व. श्री नामोमल आसवानी एवं श्री अशोक कुमार पारवानी पिता श्री किशन चंद पारवानी ने मकान नं. 2656 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 2082 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 300 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/32
दिनांक:- 19/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती साक्षी आसवानी पिता श्री प्रकाश कुमार आसवानी पति श्री गौरव जसनानी ने मकान नं. ब्लाक नं. 843 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 650 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना में "अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस" पर परिचर्चा

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय और मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस" पर विद्यार्थियों के लिए "महाकौशल की ऐतिहासिक विरासत और संग्रहालयीन महत्व" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई।



इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने महाकौशल क्षेत्र की समृद्ध पुरातात्विक, सांस्कृतिक और संग्रहालयीन धरोहर से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने नर्मदा घाटी के हथनौरा क्षेत्र से प्राप्त प्राचीन मानव अवशेष 'नर्मदाकेसिस', रूपनाथ का अशोक शिलालेख, तिगवा का गुप्तकालीन विष्णु मंदिर, बिलहरी और नरसिंहपुर के कलचुरीकालीन अवशेष, तथा राम वन गमन पथ से जुड़े सांस्कृतिक साक्ष्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय किसी भी देश की सभ्यता, संस्कृति, कला और इतिहास के संरक्षक होते हैं। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, ने संग्रहालयों को "अतीत और वर्तमान के मध्य संवाद का जीवंत सेतु" बताते हुए कहा कि ये धरोहरें हमारी ऐतिहासिक चेतना की अमूल्य निधि हैं। उन्होंने विज्ञान, कला और ऐतिहासिक संग्रहालयों को बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान का खजाना बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा और लगभग 48 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/37
दिनांक:- 18/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)डॉ. विमल चंद गोलछा (2)श्रीमती चंदनबाला गोलछा (3)श्री विपुल गोलछा (4)श्रीमती आदिती गोलछा ने मकान नं. 107 से 108 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती खुली भूमि 10941 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/36
दिनांक:- 18/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. आशीष टंडन पिता श्री पी.एन. टंडन ने मकान नं. 720 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1000 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**जन्म तिथि सुधार सूचना**

मैं MOHD FURKAN QURESHI पिता MOHD FIROZ QURESHI मकान नं. 616 गली नं. 12 सदर कैंट जबलपुर की निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम MOHD FURKAN QURESHI है तथा मेरी जन्म तिथि 25-07-1986 है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD FURKAN अंकित हो चुका है तथा जन्म तिथि 25-07- 1976 जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और मार्कशीट मेरा नाम MOHD FURKAN QURESHI हैं, और मेरी जन्म तिथि 25-07-1986 जो की सही है तथा मेरे नवीन पासपोर्ट में मेरा नाम MOHD FURKAN QURESHI हैं, और मेरी जन्म तिथि 25-07-1986 लिखा एवं पढ़ा जाये।

## गोंडवाना-महाकौशल में उर्दू भाषा की स्थिति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न



**जबलपुर।** साहित्य अकादमी एवं गुलशन-ए-अदब के संयुक्त तत्वावधान में "गोंडवाना और महाकौशल में उर्दू भाषा और साहित्य की स्थिति" विषय पर अखिल भारतीय संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रभान ख़याल ने की। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्यारे साहब ने किया, जबकि साहित्य अकादमी के सह-संचालक अनुपम तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। प्रथम सत्र में जमील अहमद जमील, शफीक अंसारी, स्तुति अग्रवाल, डॉ. जलीलुर्रहमान, डॉ. महताब आलम एवं डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। संचालन शकील बाबू ने किया। इस दौरान महबूब आलम को साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों के स्वागत में शेख निज़ामी, शोएब अख्तर, साबिर खान, नैयरुल इस्लाम, यास्मीन बानो एवं सायरा बानो की विशेष भूमिका रही। द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन का उद्घाटन मतीन अंसारी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार हकीम बाबा एवं डॉ. मुईन अंसारी उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में सोहन सलिल, परवेज़ परवाज़, डॉ. महताब आलम, डॉ. जलीलुर्रहमान, डॉ. अंजुम बाराबंकवी, बाबू अनवर निज़ामी, शेख निज़ामी, ताबिश नैयर दमोही, चंद्रभान ख़याल एवं स्तुति अग्रवाल ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन राशिद राही तथा आभार प्रदर्शन शेख निज़ामी ने किया।

## अनचाही संतान के पालन-पोषण के लिए योजनाओं का लाभ दिलाया जाए

**जबलपुर।** आवेदिका ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से नसबंदी विफल हो जाने पर अनचाही संतान के पालन पोषण के लिए योजनाओं का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। बरगी हिल्स सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड दुर्गा कालोनी गढ़ा निवासी आवेदिका शिवानी कुंडे पति आशीष कुंडे 26 वर्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मैंने 30 जनवरी 2025 को नसबंदी योजना के तहत जिला चिकित्सालय सेठ गोविंददास अस्पताल में नसबंदी कराई थी, क्योंकि मेरे दो बच्चे थे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/39
दिनांक:- 18/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री मुकेश पारेख पिता स्व. श्री कांतिलाल पारेख (2)श्रीमति संगीता पारेख (3)श्री राजेश पारेख (4)श्रीमती भावना पारेख ने मकान नं. 466 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1655 व.फु., प्रथम तल 1215 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/38
दिनांक:- 18/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेणुका गुप्ता पति स्व. श्री बी.डी. गुप्ता ने मकान नं. 569/36सीबी वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 800 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
क्रमांक-का.से./2026-27/84 दिनांक 18/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक - 1 वार्ड क्रमांक- 16 (महाराणा प्रताप वार्ड) के अंतर्गत मौजा/ग्राम पुरवा न बं 162 प.ह.नं. 28/33 खसरा नं. 70/3 कुल रकबा 0.4050 हेक्टेयर (4050 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास अनुमति (HABITAT DWARIKA) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स बेदी कन्सट्रक्शन द्वारा पार्टनर श्री किरण प्रकाश राजपूत पिता श्री बलबीर सिंह राजपूत पता-2368, बेदी नगर, बेदी नगर, नागपुर रोड, पोस्ट ऑफिस- प्रेम नगर जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है-

**बंधक सम्पति का विवरण-भूखंड क्रमांक- 12, 13, 14, 21 कुल 04 नग कुल क्षेत्रफल 435.55 वर्गमीटर तथा सुविधा शॉप क्रमांक C1 क्षेत्रफल 95.31 वर्गमीटर**

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
क्रमांक-का.से./2026-27/72 दिनांक 13/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-67 (रानी अवंतीबाई वार्ड) अंतर्गत मौजा/ग्राम कटियाघाट नं.बं. 506 प.ह.नं. 27 (नया 24) खसरा नं. 35 कुल रकबा 0.7610 हेक्टेयर में से 0.687461 हेक्टेयर (6874.61 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास अनुमति (NAVKAR PARISAR) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स श्री बेदी बिल्डकॉन द्वारा पार्टनर श्री किरण प्रकाश राजपूत पिता श्री बलबीर सिंह राजपूत पता-म.नं. 61/5, नागपुर रोड, जबलपुर, द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है :-

**बंधक सम्पति का विवरण-भूखंड क्रमांक- 11, 38 से 43 कुल 07 नग कुल क्षेत्रफल 806.69 वर्गमीटर**

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**नाम सुधार सूचना**

मैं फुलजेन्सिया एक्का (PHULJENCIA EKKA) W/o स्व. बिनय चंद्र एक्का पता- म. नं. 506 APR-2 कॉलोनी बिलहरी, जबलपुर (म.प्र.) मेरे मार्कशीट 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन एवं सेवा अभिलेख आदि में मेरा अंग्रेजी स्पेलिंग (PHULJENCIA) है जो कि सही है। मेरा आधार नं.- 7121 8536 7309 मे अंग्रेजी नाम (FULJENCIA EKKA) लिखा है जो गलत है। अतः मुझे मेरे सही नाम (PHULJENCIA EKKA) से जाना-पहचाना जाए।

नया नाम-फुलजेन्सिया एक्का (PHULJENCIA EKKA)
पुराना नाम-फुलजेन्सिया एक्का (FULJENCIA EKKA)

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार**

मैं, पुष्पलता पति स्व. रामनाथ निवासी 2719, नया कंचनपुर, मैदा मील के पीछे, निर्मल चंद जैन वार्ड क्रमांक 60, अधारताल, जबलपुर मप्र 482004 आधार कार्ड क्रमांक 6165 6445 3352 की निवासी हूँ। मेरे स्व. पति जिनका आर्मी सर्विस क्रमांक - 13916026 रैंक सिपाही थी। मेरे स्व. पति के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश PUSHSPALATA SAVITA एवं जन्मतिथि 01/07/1958 दर्ज हो गई है जो की गलत व असत्य है। मेरा सही व सत्य नाम PUSHPLATA एवं जन्मतिथि 21/01/1957 है जो की मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6165 6445 3352 एवं पेन कार्ड क्रमांक EWQPP9057Q में दर्ज है मेरे सही व सत्य नाम PUSHPLATA एवं जन्मतिथि 21/01/1957 को मेरे स्व. पति के आर्मी सर्विस रिकार्ड में दर्ज करे शपथ पत्र दिनांक 20/05/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी अखिलेश कुमार, मेरठ, उप्र।

CORRECT NAME-PUSHPLATA
INCORRECT NAME PUSHSPALATA SAVITA
CORRECT DOB-21/01/1957
INCORRECT DOB-01/07/1958

## सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर भूस्खलन

# रातभर चला रेस्क्यू अभियान, फंसे हजारों श्रद्धालु निकाले, आवाजाही शुरू

**जिला प्रशासन एनडीआरएफ एसडीआरएफ, पुलिस एवं अन्य राहत टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं**

रातभर चले अभियान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार निगरानी और राहत कार्य संचालित किए गए। केदारनाथ धाम यात्रा में 19 मई तक छह लाख 94 हजार से अधिक श्रद्धालु श्री केदारनाथ दर्शन कर चुके हैं

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ यात्रा के दौरान बीती रात्रि हुई तेज बारिश के कारण सोनप्रयाग–गौरीकुंड मार्ग पर तीन स्थानों पर भूस्खलन होने से यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं अन्य राहत टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। रातभर चले अभियान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार निगरानी और राहत कार्य संचालित किए गए। केदारनाथ धाम यात्रा में 19 मई तक छह लाख 94 हजार से अधिक श्रद्धालु श्री केदारनाथ दर्शन कर चुके हैं।


भूस्खलन में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालते हुए जवान

### मुनकटिया क्षेत्र में हुआ था भूस्खलन


केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच 19 मई की देर रात मुनकटिया क्षेत्र में भूस्खलन हुआ। इससे मुख्य सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु रास्ते में फंस गए। पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम और लगातार गिरते मलबे के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। इस घटना की सूचना डीसीआर रुद्रप्रयाग को रात 9:16 बजे मिली, जिसने तुरंत एसडीआरएफ को सूचित किया। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ सोनप्रयाग की टीम आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

### तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया

मौके पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। टीमों ने सूझबूझ, धैर्य और साहस का परिचय देते हुए सड़क के दूसरी ओर फंसे लगभग 10,450 श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से मार्ग पार कराया। लगातार बारिश और अंधेरे के बीच जवानों ने श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। रेस्क्यू कार्य पूरा होने के बाद, जेसीबी मशीनों की मदद से मार्ग पर आए मलबे को हटाया गया। इसके उपरांत सड़क मार्ग को फिर से सुचारु कर वाहनों की आवाजाही बहाल की गई।

## बदरीनाथ से देहरादून आ रहा था हेलिकॉप्टर

### खेत में की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित



**देहरादून।** उत्तराखंड की बदरीनाथ धाम यात्रा पर गए तीर्थयात्रियों को लेकर लौट रहे हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। बदरीनाथ धाम से बुधवार सुबह के समय ट्रांस एविएशन कंपनी का हेलिकॉप्टर बदरीनाथ धाम से देहरादून की ओर जा रहा था। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे। चंबा-आराकोट क्षेत्र में उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को क्षति पहुंची।

**विभागों की टीम मौके पर पहुंची**

*वहीं, खेतों में हेलिकॉप्टर के उतरने की सूचना पर स्थानीय लोगों के साथ ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन भी मौके पर पहुंचे। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. आशीष चौहान ने घटना के संबंध में बताया कि हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज हवाओं के कारण हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। टिहरी पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में सभी यात्री सुरक्षित पाए गए हैं। घटना के कारणों की विस्तृत जांच संबंधित तकनीकी एवं एविएशन एजेंसियों की ओर से की जा रही है।*

## खबर संक्षेप


### 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा मेटा

**सिंगापुर।** मेटा अपनी कुल वर्कफोर्स 78000 का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा यानी लगभग 8 हजार कर्मचारियों को बाहर कर रहा है। एआई के इस प्रक्रिया की शुरुआत सिंगापुर के ऑफिस से हुई। यहां प्रभावित कर्मचारियों को स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे) नौकरी से निकाले जाने के ईमेल मिले। अब कंपनी दुनिया भर में अपने अलग-अलग टाइम जोन के हिसाब से इसी तरह से सूचनाएं भेज रही है। कंपनी ने पहले कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने का निर्देश दिया था।




### एनडीए के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड 30 को

**नई दिल्ली।** नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की भव्य पासिंग आउट परेड 30 मई को खड़कवासला स्थित खेतरपाल परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस समारोह की समीक्षा करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, स्प्रिंग टर्म 2026 की इस परेड में सेना, नौसेना और वायुसेना के कुल 355 कैडेट्स प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट होंगे। यह समारोह कैडेट्स, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों के लिए गर्व और भावनाओं से भरा महत्वपूर्ण क्षण होगा।



### पूर्वी चीन सागर में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** पूर्वी चीन सागर में बुधवार की सुबह 6.0 तीव्रता का तेज भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र 27.523 डिग्री उत्तर अक्षांश और 128.418 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप के केंद्र की गहराई 33 किमी दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जापान के नागासाकी शहर से लगभग 597 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूर्वी चीन सागर में था। इससे कुछ देर पहले भारतीय समयानुसार सुबह 7.33 पर हिंद महासागर में भी 4.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।



## इटली पहुंचे पीएम मोदी, 'राग हंसध्वनि' से किया गया स्वागत, राष्ट्रपति से की मुलाकात

**भारत में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय**

# व्यापार, निवेश, एआई, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग

*दोनों नेताओं ने भारत-इटली की मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की पुष्टि की और व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, एआई और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार साझा किए*

एजेंसी ▶▶ रोम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इटली की राजधानी रोम पहुंचे। उनके स्वागत में एक बहुत ही विशेष और आध्यात्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। पीएम मोदी का स्वागत 'राग हंसध्वनि' पर आधारित एक पारंपरिक धुन बजाकर किया गया। पीएम मोदी ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पांच इतालवी कलाकारों ने राग हंसध्वनि प्रस्तुत की। वेलेरियो ब्रूनी (संतूर), लियो वर्टुननी (सितार), सिमोन मैटिएलो (बांसुरी), फ्रांसेस्को घेरार्डी (तबला) और निकोलो मेलोची (बांसुरी) को बधाई। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों ने बताया कि हमने सभी संगीतकारों के साथ मिलकर खास तौर पर भारत के पीएम के लिए इस संगीतमय रचना को एक साथ तैयार किया था। कलाकारों ने कहा कि कहा कि पीएम मोदी के सामने प्रस्तुति देने के बाद वे ऊर्जा से भर गए हैं और अब इटली सहित पूरे यूरोप में भारतीय मूल्यों और कला को फैलाने के लिए बहुत ज्यादा प्रेरित महसूस कर रहे हैं।

*नई दिल्ली में 'इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव' के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जाएगा*


भारत-इटली के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक

### प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में कई पहलुओं पर चर्चा



पीएम मोदी ने इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से मुलाकात की और उनके साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। पीएम मोदी ने बताया कि हमने भारत-इटली मित्रता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिनमें व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। हमने इस बारे में चर्चा की कि हमारे देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिजों, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैसे सहयोग कर सकते हैं। इस दौरान, पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य वरिष्ठ राजनयिक अधिकारी मौजूद थे।

**क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर हुई बातचीत**

बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से भेंट की। दोनों नेताओं ने भारत-इटली की मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की पुष्टि की और व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, एआई और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार साझा किए।

**20 बिलियन यूरो व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य**



*वहीं, इटली की पीएम मेलोनी ने भारत के साथ आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपए) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपए तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में 'इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव' के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा।*

**इटली के चित्रकार ने पीएम मोदी को भेंट की काशी की पेंटिंग**



*इटली के प्रसिद्ध चित्रकार जियाम्पाओलो टोमासेटी ने पीएम मोदी को वाराणसी की एक शानदार पेंटिंग भेंट की, जिसने भारत और इटली के सांस्कृतिक संबंधों को नई पहचान दी। पीएम मोदी ने कहा कि रोम में काशी की झलक! इटली के चित्रकार जियामपाओलो टोमासेट्टी ने वाराणसी पर आधारित अपनी कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि टोमासेट्टी पिछले चार दशकों से भारतीय विरासत और वैदिक संस्कृति से जुड़े विषयों पर काम कर रहे हैं।*

## दक्षिण कोरिया पहुंचे राजनाथ सिंह

# डिफेंस साइबर सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी एमओयू किए


आन ग्यू-बैक और राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ सियोल

भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को कई महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। इनमें डिफेंस साइबर सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी समझौता, भारत के नेशनल डिफेंस कॉलेज और दक्षिण कोरिया की कोरिया नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के बीच सहयोग तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में सहयोग से जुड़े समझौते शामिल हैं। इन समझौतों को दोनों देशों की साझेदारी को अधिक व्यापक, बहुआयामी और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

ये समझौते दक्षिण कोरिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुए। राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री आन ग्यू-बैक और डिफेंस एक्विजिशन प्रोग्राम एडमिनिस्ट्रेशन के मंत्री ली योंग-चेओल से महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं। सियोल में हुई इन बैठकों में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा, रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई।

**संयुक्त विकास और रक्षा उत्पादन पर सहमति**

*रक्षा मंत्री ने दक्षिण कोरिया के डिफेंस एक्विजिशन प्रोग्राम एडमिनिस्ट्रेशन के मंत्री ली योंग-चेओल से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और संयुक्त निर्यात के नए अवसर विकसित करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने रक्षा उत्पादन और रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में महत्वाकांक्षी 'काइंड-एक्स' पहल के रोडमैप पर भी चर्चा हुई। इस पहल का उद्देश्य भारत और दक्षिण कोरिया के नवाचार तंत्र और तकनीकी क्षमताओं को जोड़कर रक्षा क्षेत्र में आधुनिक और उन्नत समाधान विकसित करना है। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के लिए सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता रखते हैं। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी आने वाले समय में और अधिक मजबूत होगी तथा दोनों देश साझा हितों और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर मिलकर काम करते रहेंगे।*

**वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि**



*इन बैठकों से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह सियोल स्थित नेशनल सेमेट्री ऑफ कोरिया पहुंचे, जहां उन्होंने देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुष्प अर्पित कर उन सैनिकों को नमन किया, जिन्होंने अपने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीर जवानों का साहस, समर्पण और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।*

## 140 फाइटर जेट और 65000 सैनिक शामिल

# रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर परमाणु अभ्यास शुरू किया, आज अंतिम दिन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने अपने पड़ोसी बेलारूस के साथ मिलकर 3 दिन तक चलने वाला परमाणु सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस अभ्यास में 200 रॉकेट लांचर, 140 एयरक्राफ्ट, 73 युद्धपोत, 65 हजार सैनिक सैनिक और 13 सबमरीन हिस्सा ले रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस परमाणु अभ्यास में कुल 7800 टाइप के हथियार और सैन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं। 19 मई से शुरू हुआ अभ्यास 21 मई तक चलेगा। रूस की इस्कंदर एम मिसाइल की रेंज 500 किमी है। यह मिसाइल परमाणु के साथ परंपरागत दोनों ही तरह के हमले कर सकती है। इस अभ्यास से यूरोप के नाटो देश जहां दहशत में हैं, वहीं यूक्रेन ने बहुत तीखी प्रतिक्रिया जताई है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन के दौरे पर हैं जहां उन्होंने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। यूक्रेन ने रूस पर भीषण ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है।



## पंजाबी गायिका यशइंदर कौर की हत्या में खुलासा

# कनाडा निवासी सुखविंदर एकतरफा प्यार में था, वारदात बाद विदेश भागा

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

एकतरफा प्यार में एनआरआई युवक ने पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि मोगा के भलूर गांव निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा उन पर शादी का दबाव बना रहा था। इंदर कौर को जब पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं तो उन्होंने विवाह से इनकार कर दिया। इससे बौखलाए आरोपी ने कनाडा से आकर अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में उनकी कार रोक ली और गन पॉइंट पर अगवा कर लिया। बाद में हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। आरोपी खास तौर पर कनाडा से बदला लेने पंजाब आया था और वारदात के बाद फिर विदेश भाग गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मुख्य आरोपी को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हत्याकांड में थाना जमालपुर पुलिस ने दो आरोपियों कर्मजीत सिंह और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।



## 'आईओएस सागर' से समुद्री मित्रता को नई उड़ान



### 16 देशों के नौसैनिकों संग लौटा भारत

*कोच्चि। समुद्री लहरों पर कई सप्ताह तक सहयोग, प्रशिक्षण और साझेदारी का संदेश देने के बाद भारतीय नौसेना का आईओएस सागर-26 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस ऐतिहासिक मिशन के तहत तैनात आईएनएस सुनयना बुधवार को कोच्चि लौट आया। यहां इस नौसैनिक जहाज का भव्य फ्लैग-इन समारोह में स्वागत किया गया। यह समारोह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती समुद्री भूमिका, मित्र देशों के साथ मजबूत होते रिश्तों और साझा सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक बना। इंडियन ओशियन शिप (आईओएस) सागर-26 मिशन 'वन ओशन, वन मिशन' की भावना पर आधारित था।*

## 20 हजार जवान और 500 कमांडो तैनात

# नई दिल्ली में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सीएपीएफ को दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आगामी दो सप्ताह के दौरान दो बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होंगे। दोनों ही सम्मेलनों में बड़े स्तर पर विदेशी मेहमानों की मौजूदगी रहेगी। भारत, अफ्रीकी संघ आयोग के सहयोग से 31 मई को नई दिल्ली में चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन (आईएएफएस-4) की मेजबानी करेगा। एक-दो जून को नई दिल्ली में ही अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) का शिखर सम्मेलन होगा। इसकी मेजबानी भी भारत करेगा। राष्ट्रीय राजधानी में इन दोनों अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सीएपीएफ को सौंपी गई है। सीएपीएफ की दो सौ कंपनियां यानी 20 हजार जवान और 500 कमांडो, दिल्ली में पहुंच चुके हैं। अब ये जवान, दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था संभालेंगे।

### सीएपीएफ की 200 कंपनियां रहेंगी तैनात



दिल्ली पुलिस की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर केंद्रीय बलों की तैनाती का अनुरोध किया गया था। दिल्ली पुलिस ने सीएपीएफ की दो सौ कंपनियां, जिसमें पांच सौ कमांडो भी शामिल हैं, मुहैया कराने की मांग की थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय में सुरक्षा से संबंधित एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान सीएपीएफ की 200 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें सीआरपीएफ की 70, बीएसएफ की 55, एसएसबी की 25, सीआईएसएफ की 25, आईटीबीपी की 25 कंपनियां शामिल हैं। इस तैनाती में केंद्रीय बलों के पांच सौ कमांडो भी शामिल रहेंगे।

## मेघालय में बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ

# क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में मंगलवार को बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ हुआ। इस अभ्यास में भारत सहित 12 मित्र देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं। भारतीय सेना ने सभी विदेशी सैन्य टुकड़ियों का पारंपरिक और गर्मजोशी से स्वागत किया। इस सैन्य अभ्यास में भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम की सैन्य टुकड़ियां भाग ले रही हैं। यह अभ्यास क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 'प्रगति' यानी 'हिंद महासागर क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय सेनाओं की साझेदारी' समानता, मित्रता और आपसी सम्मान की भावना पर आधारित है। यह मंच भाग लेने वाली सेनाओं को अनुभव साझा करने, पेशेवर आदान-प्रदान करने और आपसी सैन्य संबंध मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

**12 मित्र देशों की सेनाएं ले रहीं हिस्सा**

**सैन्य संबंध बढ़ाने का अहम कार्यक्रम**


बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' में भाग लेते अधिकारी

### आतंकवाद-रोधी अभियानों पर रहेगा फोकस

दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में अर्ध-पहाड़ी और जंगल क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त योजना अभ्यास, सामरिक स्तर के अभियान और समन्वित सैन्य संचालन शामिल होंगे। इस दौरान सैनिकों की अनुकूलन क्षमता, सहनशक्ति और सामरिक दक्षता को बेहतर बनाने पर जोर रहेगा। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन के दौरान शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और तालमेल को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

**आत्मनिर्भर भारत की झलक भी दिखेगी**

*अभ्यास के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी और रक्षा कंपनियां 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत विकसित स्वदेशी रक्षा उपकरणों और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करेंगी। इससे भाग लेने वाले देशों के बीच ज्ञान साझा करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।*

**सामूहिक भागीदारी अहम**

*भारतीय सेना के अपर महानिदेशक (इन्फैंट्री) मेजर जनरल सुनील शेओरान ने सभी प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से खुलेपन, आपसी सम्मान और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना के साथ अभ्यास में शामिल होने का आह्वान किया।*